# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)

एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033

दूरभाष क्रमांकः 0755–2678855

क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2023 / 3152 भोपाल, दिनांक : 30/11/2023

प्रति,

प्राचार्य / संचालक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

**विशेष अनुकम्पा का द्वितीय अवसर**

विषय : विश्वविद्यालय के स्नातक / स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के एन.एफ.टी.ई. के छात्रों को दो विशेष अनुकंपा अवसरों का द्वितीय अवसर प्रदान करने के संबंध में।

**संदर्भ : वि.वि. की अधिसूचना क्र. / एफ–5 / शैक्षणिक / रागांप्रौवि / 2023 / 2795 दिनांक 01 / 06 / 2023**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त तकनीकी संस्थाओं के स्नातक / स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों यथा बीई / बी.टेक. / बी.फार्मेसी / बी.आर्क / एम.सी.ए. / एम.ई. / एम.टेक / एम.फार्मेसी के अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों, जो विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्यादेशों में निहित प्रावधानों के अनुरूप पाठ्यक्रम को अधिकतम सीमा में पूर्ण नहीं कर पाए हैं। ऐसे समस्त एन.एफ.टी.ई. के छात्रों को विश्वविद्यालय की संदर्भित अधिसूचना के अनुसार दो विशेष अनुकम्पा का प्रथम अवसर मई–जून–2023 में दिया जा चुका है एवं द्वितीय अवसर परीक्षा सत्र दिसंबर–2023 में प्रदाय किया जा रहा हैं।

इस अवसर का लाभ वर्तमान परीक्षा सत्र दिसंबर–2023 में संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र / छात्राओं को बिन्दुवार प्रक्रिया अनुसार दिया जाना है :–

1. छात्र विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान में संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रम / पाठ्यचर्या (Course/Syllabus) में नामांकित हों। पूर्व में प्रचलित पाठ्यक्रमों के ऐसे छात्र जो **नियमित रूप से** अध्यापन कर रहे हों उन्हें इसका लाभ नहीं दिया जावेगा।
2. **ऐसे छात्र जिन्होंने ग्रेडिंग स्कीम के अंतर्गत प्रवेश लिया हो**
3. **ऐसे छात्र जिसने पूर्व में विशेष अनुकंपा अवसर का लाभ नहीं लिया हो**
4. **बन्द हो चुके महाविद्यालयों के छात्रों को दो विशेष अनुकंपा अवसर का लाभ नहीं दिया जावेगा।**

ऐसे अनुत्तीर्ण छात्र इस विशेष अनुकंपा अवसर का लाभ लेने हेतु निम्न बिन्दुवार प्रक्रिया अनुसार निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे :–

5. इस विशेष अनुकंपा अवसर हेतु रू.100 / – नॉन ज्यूडिशियल, स्टाम्प पर प्रारूप क्रमांक–1 अनुसार शपथ पत्र तैयार करावें।
6. यदि छात्र के अध्ययन में दो या दो से अधिक वर्षो का शैक्षणिक अंतराल (गेप) रहा है तो शपथ–पत्र के साथ नॉन ज्यूडिशियल रू.100 / – के स्टाम्प पेपर पर संलग्न प्रारूप क्रमांक–2 अनुसार गेप सर्टिफिकेट तैयार करावें।
7. उक्त छात्र संलग्न प्रारूप क्रमांक–3 के अनुसार आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।
8. उक्त छात्र प्रारूप क्रमांक–4 के अनुसार प्रवेशित महाविद्यालय के प्राचार्य / संचालक से हस्ताक्षरित वचन पत्र प्रस्तुत करें।

छात्रों द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात संबद्ध महाविद्यालय द्वारा निम्न बिन्दुवार प्रक्रिया का पालन करना सुनिश्चित करें।

1. छात्रों द्वारा तैयार दोनों शपथ पत्र (विशेष अनुकंपा / गेप सर्टिफिकेट) एवं छात्र का आवेदन पत्र व वचन पत्र संस्था में पदस्थ प्राचार्य / संचालक द्वारा ही अग्रेषित किया जावे। अन्य किसी पदस्थ विभागाध्यक्ष या परीक्षा अधीक्षक के द्वारा अग्रेषित शपथ–पत्र व आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

....क्रमशः ..

<u>स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के छात्रों हेतु शपथ–पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि</u> **22/12/2023 रहेगी। स्नातक के सभी पाठ्यक्रमों के पात्र अभ्यार्थियों हेतु ऑफलाइन परीक्षा फॉर्म जमा करने की तिथि तथा समय–सारिणी पृथक से जारी की जावेगी। ऐसे समस्त अभ्यार्थियों के परीक्षा केन्द्र भोपाल में ही बनाये जायेंगे।** इसके पूर्व समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करना अनिवार्य होगा जिससे कि संबंधित छात्रों को विशेष अनुकंपा के द्वितीय अवसर का लाभ देने की आगामी कार्यवाही की जा सके।

उक्त अधिसूचना के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा माह दिसंबर–2023 से विभिन्न पाठ्यक्रमों बीई/बी.टेक./बी.फार्मा./बी. आर्क/एम.सी.ए. की आयोजित होने वाली परीक्षाओं में ऐसे छात्र सम्मिलित हो सकेंगे। ऐसे छात्रों को विभिन्न विषयों की परीक्षा वर्तमान में संचालित हो रहे विषयों या समतुल्यता (वर्तमान विषय) के आधार पर परीक्षाओं में समय–सारिणी अनुसार सम्मिलित होना होगा।

**स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर हेतु बिन्दुवार प्रक्रिया का पालन करना सुनिश्चित करें।**

| स.क्र. | विवरण | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | छात्रों द्वारा फॉर्म भरने की तिथि | 30/12/2023 |
| 2. | संस्था द्वारा थीसिस अपलोड एवं पैनल जनरेट करने की तिथि | 31/01/2024 |
| 3. | Viva-Voce पूर्ण कराये जाने की तिथि | 27/02/2024 |
| 4. | विश्वविद्यालय में प्राप्तांक/थीसिस जमा करने की तिथि * | 27/02/2024 से 08/03/2024 तक |

***दिनांक 08/03/2024 के उपरांत प्राप्त होने वाले प्राप्तांकों पर विचार नहीं किया जावेगा। अतः समस्त महाविद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि प्राप्तांक निर्धारित तिथि तक निश्चित रूप से विश्वविद्यालय को प्राप्त हो जावें।**

नोटः– उपरोक्त अनुसार संबंधित छात्रों को अविलंब सूचित करें।

संलग्नः शपथ–पत्रों के प्रारूप क्र.–1 (विशेष अनुकंपा अवसर), प्रारूप क्र.–2 (शैक्षणिक अंतराल गेप), प्रारूप क्र.–3 (आवेदन पत्र), प्रारूप क्र.–4 (वचन पत्र)

**माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित।**

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल

पृ.क्रमांक/रागांप्रौवि/परीक्षा/2023/3153 भोपाल, दिनांक : 30/11/2023

प्रतिलिपि :–

01. माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव/माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
02. कुलसचिव, रा.गां.प्रौ.वि., भोपाल।
03. संचालक/प्राचार्य, समस्त संबद्ध तकनीकी स्वशासी महाविद्यालय, मध्यप्रदेश (भोपाल, विदिशा, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर) की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
04. विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त नोडल प्रभारी/ आंचलिक केन्द्र प्रभारी की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
05. विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त यू.टी.डी. महाविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल

प्रारूप क्रमांक–01

# शपथ–पत्र का प्रारूप

(विशेष अनुकम्पा अवसर अधिसूचना अनुसार)

छात्र/छात्रा का नाम .................................................. पिता का नाम .................................................. आयु .............. व्यस्क, निवास/पता ..........................................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................................

मैं शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूँ कि :–

1. मैं संस्था .................................................................................... पाठ्यक्रम ....................... सेमेस्टर ............................ का छात्र/छात्रा हूँ, मेरा नामांकन क्रमांक ................................................ है।
2. मैंने विश्वविद्यालय के अध्यादेश में निहित प्रावधानों के अनुरूप अधिकतम सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कर पाया/पायी हूँ इसलिये मैं N.F.T.E. का छात्र/छात्रा हूँ। मुझे पाठ्यक्रम पूर्ण करने में ............... सेमेस्टर में सम्मिलित होना है।
3. विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्र./एफ–5/शैक्षणिक/रागांप्रौवि/2023/2795 दिनांक 01/06/2023 के अनुसार N.F.T.E. के प्रकरण से संबंधित छात्र/छात्रा के रूप में यह मेरा अंतिम अनुकंपा अवसर होगा।
4. मैं N.F.T.E. छात्र/छात्रा हूँ। विश्वविद्यालय की अधिसूचना के अनुसार विचार क्षेत्र की परिधि में आता/आती हूँ।
5. मेरा संस्था में नियमानुसार अधिकृत रूप से प्रवेश था।
6. वर्तमान में परीक्षा सत्र ....................... में सेमेस्टर ................. विषय क्रमांक ............................. की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता/चाहती हूँ।
7. बिन्दु क्र. 03 के अनुसार यह मेरे लिये अंतिम अवसर होगा भविष्य में इस अवसर को उदाहरण के रूप में किसी भी प्रकार की दावेदारी/वैधानिक कार्यवाही नहीं करूंगा/करूंगी।

शपथकर्ता के हस्ताक्षर ...................................

शपथकर्ता का नाम .........................................

<u>संचालक/प्राचार्य द्वारा सत्यापित किया जावे</u>

मैं सत्यापित करता हूँ कि छात्र/छात्रा का नाम ................................................... नामांकन क्रमांक ......................... सेमेस्टर ...................... सेमेस्टर ...................... परीक्षा सत्र दिसंबर–2023 के लिये आवेदक द्वारा भरी गई जानकारी सत्य व सही प्रमाणित है। विश्वविद्यालय के अधिसूचना क्र./एफ–5/शैक्षणिक/रागांप्रौवि/2023/2795 दिनांक 01/06/2023 के अनुसार N.F.T.E. के प्रकरण से संबंधित छात्र/छात्रा के रूप में यह मेरा अंतिम अनुकंपा अवसर होगा। उक्त छात्र के पाठ्यक्रम एवं ब्रांच विश्वविद्यालय से वर्तमान परीक्षा सत्र में संबद्ध है।

प्राचार्य/संचालक के हस्ताक्षर/पद नाम सील सहित

* उक्त शपथ–पत्र रू.100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एवं संस्था के संचालक/प्राचार्य से सत्यापित न होने पर अमान्य होगा।

प्रारूप-के.-02

# शपथ–पत्र का प्रारूप
## (शैक्षणिक अंतराल/गैप हेतु)

छात्र/छात्रा का नाम ............................................. पिता का नाम ............................................ आयु .............. व्यस्क,

निवास/पता ...........................................................................................................................................

...........................................................................................................................................................

मैं शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूँ कि :–

1. यह कि मैं संस्था ........................................................................ पाठ्यक्रम ...................... सेमेस्टर ................ ........... का छात्र/छात्रा हूँ, मेरा नामांकन क्रमांक ........................................ है।
2. मैंने विश्वविद्यालय के अध्यादेश में निहित प्रावधानों के अनुरूप अधिकतम सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कर पाया/पायी हूँ इसलिये मैं फिर से वर्तमान में संचालित पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति चाहता/चाहती हूँ।
3. यह कि मेरे द्वारा सत्र ............................................ तक अध्ययन करने के पश्चात् मेरे निजी कारण से मेरे अध्ययन में आज दिनांक तक का शैक्षणिक अंतराल/गेप है।
4. मेरे द्वारा वर्णित शैक्षणिक अंतराल/गेप के समय कोई भी न्यायालीन प्रकरण नहीं है एवं उक्त अवधि में किसी भी अन्य महाविद्यालय में अध्ययनरत् नहीं था एवं गेप अवधि में किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं लिया है।
5. मेरा संस्था में नियमानुसार अधिकृत रूप से प्रवेश था।
6. वर्तमान में परीक्षा सत्र ...................... में सेमेस्टर ................ विषय क्रमांक ........................... की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता/चाहती हूँ।
7. यह कि यह शपथ पत्र मेरे शिक्षा क्षेत्र में आए अंतराल/गेप के संबंध में आवश्यक होने से प्रस्तुत किया जा रहा है।
8. शपथ पत्र के साथ ........................................ सेमेस्टर की अंकसूची की सत्यापित प्रति जमा की जा रही है।
9. उपरोक्त शपथ पत्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि .................................. में प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

**शपथकर्ता के हस्ताक्षर** .................................
**शपथकर्ता का नाम** ........................................

**संचालक/प्राचार्य द्वारा सत्यापित किया जावे**

मैं सत्यापित करता हूँ कि छात्र/छात्रा का नाम ............................................ नामांकन क्रमांक ....................... सेमेस्टर ...................... पाठ्यक्रम .............................. सेमेस्टर ..................... परीक्षा सत्र दिसंबर–2023 के लिये आवेदक द्वारा भरी गई जानकारी सत्य व सही प्रमाणित है। यह मेरे द्वारा सत्यापित किया जाता है।

**प्राचार्य/संचालक के हस्ताक्षर/पद नाम सील सहित**

*** उक्त शपथ–पत्र रू.100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एवं संस्था के संचालक/प्राचार्य से सत्यापित न होने पर अमान्य होगा।**

प्रारुप क्र.03

# आवेदन–पत्र

## केवल छात्र/छात्रा द्वारा बनाया जावें

पति्

परीक्षा नियंत्रक

रा.गा.प्रौ.वि.विद्यालय.

भोपाल (म.प्र)

विषयः–विशेष अनुकंपा अवसर हेतु आवेदन पत्र।

संदर्भः– विश्वविद्यालय के **अधिसूचना कं./एफ–5/शैक्षणिक/रागाप्रौवि./2023/2795 दिनॉक 01/06/2023**

मैं.............................................................................................पिता का नाम.........................................................................................

संस्था.............................................................................................नामांकन क्र.......................................................पाठ्यक्रम ...........................

सेमेस्टर ..........................का छात्र/छात्रा हूँ।

मै संदर्भित अधिसूचना अनुसार अंतिम अनुकंपा अवसर का लाभ लेना चाहता/चाहती हूँ। मेरी अन्य जानकारी निम्नानुसार है–

01. विश्वविद्यालय द्वारा बर्तमान में संचालित किये जा रहे पाठ्यक्रम/पाठ्यचर्या (Course/Syllabus) में नामांकित हूँ।
02. मैने ग्रेडिंग स्कीम के अन्तर्गत प्रवेश लिया है।
03. मेरी प्रवेशित संस्था वर्तमान में विश्वविद्यालय से संबद्ध है।

मेरे आवेदन अनुसार मुझे इस विशेष अनुकंपा अवसर का लाभ देने की कृपा करे।

दिनॉक

छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर

पताः

मोबाईल न0

ईमेल

प्रारूप क्रमांक–04

## वचन–पत्र का प्रारूप

(केवल एम.ई. / एम.टेक. / एम.फार्मेसी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए)

(महाविद्यालय के प्राचार्य / संचालक द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाला वचन–पत्र का प्रारूप)

छात्र / छात्रा श्री / सुश्री .................................................. नामांकन क्रमांक ......... ........................... महाविद्यालय का नाम .............................. पाठ्यक्रम ......................... ब्रांच .......... का अंतिम अनुकंपा / गेप शपथ–पत्र इस आशय के साथ अग्रेषित किया जा रहा है कि संस्था विश्वविद्यालय पत्र क्र. रागांप्रौवि / परीक्षा / 2023 / ...... ...... दिनांक .............................. में उल्लेखित सभी अंतिम तिथियों के भीतर कार्यवाही करेगी। इसके उपरांत परीक्षा आवेदन पत्र पोर्टल पर अग्रेषित करने के पूर्व महाविद्यालय द्वारा उनके समस्त शैक्षणिक गतिविधियों का परीक्षण कर लिया गया है। अतः परीक्षा फॉर्म पोर्टल पर भरने तथा थीसिस अपलोड होने के उपरांत बाह्य परीक्षा (Viva-Voce) कराना सुनिश्चित करेंगे। विश्वविद्यालय में बाह्य परीक्षा (Viva-Voce) के पश्चात प्राप्तांक एवं थीसिस नियत दिनांक तक जमा नहीं कराए जाते हैं तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी एवं महाविद्यालय की होगी।

प्राचार्य / संचालक के हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा
प्राचार्य / संचालक का नाम ..........................
संस्था का नाम : ..........................................

दिनांक : ....................